# S.D. SARVHITKARI VIDYA MANDIR

AFFILIATED TO CBSE, DELHI

Senior Secondary

TALWARA TOWNSHIP, Hsp. (Pb.)

32 years

# सर्वहितकारी समाचार

e-mail : svmtalwara@yahoo.com
Pl. visit us : www.svmtalwara.org
Contact 01883-236298

संकलन कर्ता : साहित्य परिषद्

जुलाई से सितम्बर 2016


## चण्डीगढ़ दूरदर्शन परिचर्चा में विद्यार्थियों ने लिया भाग

*** गुरु शिष्य परम्परा विषय पर हुई परिचर्चा**

*** प्रिं. देशराज शर्मा रहे पैनलिस्ट**

**6 सितम्बर 2016**

गुरु और शिष्य के सम्बन्धों का आधार है गुरु का ज्ञान, मौलिकता और नैतिक बल, शिष्य के प्रति स्नेह भाव व ज्ञान बांटने का निस्वार्थ भाव। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊपर माना गया है ऐसा ही परिचर्चा का एक कार्यक्रम चण्डीगढ़ दूरदर्शन द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रिंसीपल देशराज शर्मा इस परिचर्चा के मुख्य पैनलिस्ट रहे। विद्यालय से पाँच विद्यार्थियों साहिल, राघव, विनायक, कुसुम गोरा व सरू ने भी इस परिचर्चा में भाग लिया। गुरु-शिष्य परम्परा पर विशेष वार्ता दौरान आज की शिक्षा पद्दति, गुरु शिष्य सम्बन्धों में आ रही गिरावट, शिक्षा कहीं एक व्यवसाय तो नहीं बन रही आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी अपने-अपने सुझाव दिए।

## इन्टर ग्रुप शूटिंग प्रतियोगिता रोपड़ (पंजाब)

*** अंकिता बनी स्वर्णपदक विजेता**

**16 अगस्त 2016**

शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों का भी भविष्य में अहम रोल रहता है। विद्यार्थी वही आगे निकलता है जिसमें कुछ करने की ललक होती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया विद्यालय की छात्रा अंकिता ने। एन.सी.सी. पंजाब बटालियन होशियारपुर के दिशा निर्देश से इमटर बटालियन शूटिंग प्रतियोगिता हेतु विद्यालय से अनमोल भारद्वाज, उज्ज्वल, सोमेश्वर, सत्यम, अनीश गौतम, रोहित पलियाल, नितिन ठाकुर, साहिल शर्मा अंकिता, महिमा, व वसुधा डाहडा को चयनित किया गया था। जिसमें अंकिता ने गोल्ड मैडल प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दूसरे चरण की इंटर ग्रुप शूटिंग प्रतियोगिता जिसका आयोजन रोपड़ में हुआ में अंकिता ने ओपन साईट प्रोन में 300 में से 228 अंक लेकर गोल्ड मैडल प्राप्त करके चण्डीगढ़ डायरैक्टोरेट की टीम में अपना स्थान पक्का कर लिया। अंकिता को रोपड़ में कर्नल गुरविन्द्र सिंह (सी.ओ.) 12 पंजाब बटालियन एन.सी.सी. होशियारपुर द्वारा सम्मानित किया गया।

## दो दिवसीय कार्यशाला में अध्यापकों ने समझी शिक्षण की नई विधियां

***विषय को रूचि पूर्वक बनाने के लिए किए प्रयोग**

**1-2 जुलाई 2016**

अध्यापक व विद्यार्थी शिक्षण प्रक्रिया के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं। इन दोनों के आपसी सहयोग से ही इस प्रक्रिया को मनोरंजक व सरल बनाया जा सकता है। विद्यालय की प्रशिक्षण परिषद् द्वारा दो दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण तलवाड़ा संकुल के विद्या मन्दिरों से अध्यापकों और मुख्याध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र दौरान प्राचार्य देश राज शर्मा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य बालक को समाज का जिम्मेदार, सहनशील तथा क्रियाशील सदस्य बनाकर देश का उत्तम नागरिक बनाना है। इसके लिए शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, प्राणिक तथा आत्मिक चेतना को आधार बनाकर शिक्षण का कार्य करना होगा। आठ सत्रों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान पंचपदी शिक्षण प्रणाली, अध्यापक की अपने विषय में निपुणता, अध्यापक का स्वयं का विकास कैसे हो, कक्षा प्रबन्धन एवं संस्कृति, असेसमैन्ट फीडबैक आदि विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया तथा कार्यशाला दौरान विद्यार्थी के मौलिक कर्त्तव्य, दिनचर्या डायरी लेखन, सहायक सामग्री तैयार करना, प्रश्नपत्र बनाना, वार्षिक पाठ्यक्रम योजना, मूल्यांकन आदि पर चर्चा की गई। समापन समारोह में सर्वहितकारी शिक्षा समिति पंजाब के संगठन मन्त्री श्री विजय नड्डा ने कहा कि जैसे माँ अपने परिवार की छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखती है। उसी तरह अध्यापकों को भी विद्यार्थी के जीवन के साथ जुड़कर शिक्षण का का कार्य करना होगा।

**विजय दशमी एवं दीपावली का पर्व हमारे समाज, राष्ट्र को विजयशाली जगमगाहट पूर्वक सुख-समृद्धि व शान्ति के साथ सभी के जीवन में नया उत्साह व उमंग लेकर आए।**

**हार्दिक शुभकामनाओं के साथ।**

**** कृपया पर्वों की पवित्रता को बनाए रखने के लिए अपने आस-पड़ोस के वातावरण को स्वच्छ रखें।***

## पर्यावरण सप्ताह मनाया

*** 890 विद्यार्थियों ने रैली निकाल पोलीथीन हटाने का दिया सन्देश**

*** पर्यावरण संरक्षण पर करवाया सैमीनार**

**18 से 25 जुलाई 2016**

जल प्रदूषण दुनिया के लिए एक ऐसा अभिशाप है जिसे व्यक्ति ने खुद पैदा किया है। यह विचार स्कूल की ईको क्लब द्वारा आयोजित सैमीनार दौरान ईंजि. मनवीन चौधरी ने व्यक्त किए। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से 'जल प्रबन्धन' विषय के अन्तर्गत सैमीनार दौरान ईंजि. मनवीन ने कहा कि धरती पर केवल 24 प्रतिशत जल ही पीने के योग्य रहा है। जो भविष्य के लिए गम्भीर चिन्ता का विषय है। प्राचार्य देशराज शर्मा ने सैमीनार में उपस्थित विद्यार्थियों से परिचर्चा करते हुए कहा कि प्रकृति की हर चीज हमारे जीवन के लिए अमूल्य है। श्री शर्मा ने विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी उनके अनुभवों को सुना। विद्यार्थियों में राघव, जैसमीन, काजल और अध्यापकों में पायल भाटिया, अंजू शर्मा, इन्दु ठाकुर, रूचि शर्मा ने अपने-अपने अनुभव प्रस्तुत किए। स्टेट बैंक के चीफ मैनेजर नागेश केलकर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि देश का प्रत्येक नागरिक पर्यावरण को साफसुथरा रखने में जुट जाए तो आने वाले समय में भारत फिर से विश्व गुरु होगा। सैमीनार में ईंजि. के.के. सूद, डॉ. ध्रुब सिंह, रेणु सूद, प्रिं. जे.आर. सोनी, मातृ भारती से श्रीमती रेणु भी उपस्थित थी।

पर्यावरण सप्ताह में अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बैग मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, चार्ट मेकिंग, प्रश्न मंच, वाद-विवाद, विभिन्न पौधों से सम्बन्धित जानकारी आदि कार्यक्रम किए गए। स्कूल की ईको क्लब परिषद् कन्वीनर दीदी नीतिका शर्मा की देख रेख में रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय से 890 विद्यार्थियों ने 8 समूहों में तलवाड़ा क्षेत्र के अलग-अलग 8 स्थानों पर जाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़ लगाने व पोलीथीन हटाने का सन्देश दिया।

## मनुष्य के लिए वरदान है स्वच्छता एवं प्राकृतिक सुन्दरता

*** श्रम साधना से लोगों को किया जागरूक**

*** 87 विद्यार्थी व 10 अध्यापक हुए शामिल**

**6 जुलाई 2016**

मनुष्य के जीवन को सुखद बनाने के लिए प्रकृति ने उसे बहुत से वरदानों से नवाजा है। जहाँ स्वच्छता है वहाँ स्वर्ग है। ऐसी ही मान्यताओं के साथ विद्यालय के एन.एस.एस. वालंटियरों ने एक दिवसीय श्रम साधना कैम्प प्रोग्राम ऑफिसर नरिन्द्र गौतम की देख रेख नें लगाया। कैम्प से पूर्व बी.बी.एम.बी. के ईंजि. के.के. सूद ने वालंटियरों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रकृति की सुन्दरता बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। कुदरत ने हमें जीने के लिए अनमोल खजाना दिया है। इसकी सम्भाल रखना हमारा प्रथम कर्तव्य है। प्राचार्य देशराज शर्मा ने कहा कि धरती हमारी माँ है इस पर रहने के लिए हमें शरीर की सफाई के साथ साथ पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों को स्वच्छ रखना होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता रखने से मन में सुन्दर विचार, शुचिता, चरित्रता, पवित्रता तथा आत्मीयता के गुण अपने आप ही आ जाते हैं। कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने तलवाड़ा के सैक्टर 2 व सैक्टर 3 की विभाजित सड़क एवं चौराहों के आसपास उगी कांग्रेस घास को उखाड़ा तथा वहां की गंदगी को साफ किया। विद्यार्थियों ने 10 समूहों में मिलकर साफ-सफाई करते हुए लोगों को भी स्वच्छता का सन्देश दिया। विद्यार्थियों के साथ ईंजि. के.के. सूद, एडवोकेट सतीश डढवाल, प्रि. देशराज शर्मा, अध्यापिका तेजिन्द्र कौर, अंजू शर्मा, अनुराधा ठाकुर, जनेश बाला, अरविन्द्र कुमार, सुरजीत सिंह ने श्रमसाधना में भाग लिया।

## डॉ. बी.आर. अम्बेदकर लाईफ एण्ड सट्रगल प्रतियोगिता

*** 62 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा**

**21 अगस्त 2016**

भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर बचपन से ही प्रतिभा सम्पन्न थे। देश के प्रति अतुलनीय सेवाओं के लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। ऐसी ही एक प्रतियोगिता ''डॉ. बी.आर. अम्बेदकर लाईफ एण्ड सट्रगल पुस्तक'' के आधार पर करवाई गई। विद्यालय से अध्यापिका कमलदीप कौर की देखरेख में 62 विद्यार्थियों ने श्री गुरु रविदास मन्दिर में जाकर इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

*** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।**

*** पद्म श्री विजय चोपड़ा रहे मुख्यातिथि।**

*** सरकारी व गैर सरकारी 17 विद्यालयों से 631 विद्यार्थियों ने लिया भाग।**

*** विद्यार्थियों ने सीखी विभिन्न कलाएं।**

**30-31 जुलाई 2016**

भारतीय संस्कृति की विश्व में अपनी पहचान है। इसी पहचान को बनाए रखने के लिए संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार लगातार प्रयत्नशील रही है। इसी उद्देश्य से 'भारतीय संस्कृति के संरक्षण, संवर्द्धन एवं उत्थान विषय' के अन्तर्गत दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विद्या मन्दिर तलवाड़ा में किया गया। जिसका उद्घाटन श्रीमती सुखजीत कौर साही, मुख्य संसदीय सचिव पंजाब सरकार तथा सरदार मोहन सिंह लेहल, जिला शिक्षा अधिकारी (सकै.) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। उद्घाटन सत्र दौरान श्रीमती साही ने 17 सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों से आए 631 विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत समृद्ध संस्कृति का एक ऐसा देश है जहाँ एक से ज्यादा धार्मिक संस्कृति के लोग एक साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि भारत सरकार द्वारा पंजाब में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है जो विद्यार्थियों के जीवन को खड़ा करने वाले हैं। दूसरे सत्र में प्रि. देशराज शर्मा, संयोजक शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने ''कला का परिचय, महत्त्व एवं तैयारी'' विषय के अन्तर्गत अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज मानवीय सम्बन्धों मे उपभोक्तावादी संस्कृति के प्रवेश से भारतीय संस्कृति छिन्न-भिन्न होती जा रही है। हमारी कला ही हमारा व्यवसाय हो हमें ऐसे प्रयत्न करने होंगे। इस सत्र की अध्यक्षता करते हुए जिला योजना बोर्ड के चेयरमैन जवाहरलाल खुराना ने कहा कि आज बदलते परिवेश में भारतीय समाज को बचाना है तो भारतीय संस्कृति का संरक्षण व संवर्द्धन करना जरूरी है। तीसरे सत्र में ''कला की विविधताएँ'' विषय के माध्यम से प्रीत कोहली असिस्टैंट डायरेक्टर सुवा सेवाएँ होशियारपुर ने कहा कि भारत कलाओं का देश है। प्रत्येक व्यक्ति के अन्दर कोई न कोई गुण छिपा हुआ है जरूरत है उसे उभारने की। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी अपनी कुशलता व कौशलता को पहचान कर कार्य करता है वही जीवन की ऊँचाइयों को छूता है। चौथे सत्र में विद्यार्थियों को विशेषज्ञों द्वारा समूह अनुसार भारतीय संगीत, लोकगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य, चित्रकला, हस्तकला, मूर्तिकला, निबन्ध लेखन, कविता पाठ, नाटक, लोक कलाएँ व प्रश्न मंच आदि प्रशिक्षण व अभ्यास किया। विशेषज्ञों में डॉ. हर्ष मेहता, प्रो. बख्ताबर सिंह, प्रो. अंजूबाला, श्री कुलदीप खन्ना, श्री भुपिंद्र कुमार, प्रिं. अर्चना कुलश्रेष्ठा, श्रीमती अंजलि केलकर, प्रो. सर्वजीत सिंह, अध्यापिका अंजू ठाकुर, श्री दलजीत सिंह, श्री गगनदीप, अध्यापिका रूचि शर्मा, श्रीमती शारदा वर्मा, श्रीमती शशि कला, अध्यापक अरविन्द कुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न कलाओं की जानकारी दी। कार्यशाला की दूसरे दिन की शुभारम्भ भारतीय स्टेट बैंक के चीफ मैनेजर नागेश केलकर ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। श्री केलकर ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यदि जीवन में आगे बढ़ना है तो अपने कौशल को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा देश विश्व गुरु रहा है। हमारी संस्कृति को आज दूसरे देश समझ रहे हैं, व्यक्ति का मन भावों का समुद्र है मनुष्य के मन में जो भाव उत्पन्न होते हैं वही काव्य और कला द्वारा प्रकट होते हैं। कार्यशाला के समापन समारोह पर पंजाब केसरी पत्र समूह के मुख्य संपादक पदमश्री विजय चोपड़ा तथा बी.बी.एम.बी. तलवाड़ा के चीफ इंजि. डी.आर मीणा विशेष रूप से पधारे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सीखी गई कलाओं का प्रदर्शन किया गया। श्री विजय चोपड़ा ने अपने संबोधन मे कहा कि व्यक्ति के जीवन में सफलताओं की ऊँचाइयों को छूने हेतू सफाई, स्पष्टता, परिश्रम, सच्चाई जैसे सिद्धान्तों पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जीवन के हर मोड़ पर कौशल की जरूरत पड़ती है। आज वही व्यक्ति आगे बढ़ सकता है जो किसी न किसी कला में निपुण है। कार्यशाला के अंतिम चरण में सभी विद्यार्थियों व विषय विशेषज्ञों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला संयोजिका श्रीमती अंजु शर्मा ने सभी आए हुए मेहमानों का धन्यवाद किया।

## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम

**19 जुलाई 2016**

प्रत्येक मनुष्य के जीवन में गुरु का महत्वपूर्ण स्थान है जो उसके जीवन को साकारात्मक शिक्षा देता है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालय की नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा परिषद् की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें परिषद् छात्र सदस्यों ने प्रवेश द्वार पर अपने आचार्य-दीदियों को तिलक लगाकर और मौली बाँधकर तथा मुँह मीठा करवाकर गुरु पूर्णिमा की बधाई दी। प्रार्थना सभा में गुरु का मनुष्य जीवन में महत्व विषय को अपने शब्दों में स्पष्ट करते हुए दशम् की बहन मुस्कान ने कार्यक्रम का आगाज किया। नवम् की बहन कविता ने अपनी मधुर आवाज में गुरु प्रेम को प्रकट करते गुए श्लोकों का उच्चारण किया। दशम की बहन सरु नें अपनी कहानी के माध्यम से तथा भैया गोरांग व वहन रितिका द्वारा गुरु शिष्य महत्व पर कई प्रसंग सुनाए गए। अन्त में कक्षा एकादश की बहन कुसुम गौरा ने गुरवाणी के सरल शब्दों में गुरु की महिमा की व्याख्या करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की।

## राखी पर्व पर देश की रक्षा का लिया संकल्प

* 1180 छात्रों एवं अभिभावकों ने 4850 राखियां बनाई
* 275 सैनिकों, 85 जनप्रतिनिधियों, 58, पुलिस कर्मियों को भेजी राखी।

**17 से 18 अगस्त 2016**

हमारा देश पर्वों, त्योहारों का देश है यहां का प्रत्येक दिन किसी न किसी महत्व को दर्शाता है। यह विचार प्राचार्य देशराज शर्मा ने राखी पर्व पर विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि रक्षा बन्धन का पर्व स्नेह व विश्वास का पर्व है। रक्षा बन्धन पर विद्यालय में अनेकों कार्यक्रम करवाए गए। जिसमें निमन्त्रण कार्ड, राखी मेकिंग प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग आदि कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी कार्यक्रम का हिस्सा बनकर राखियाँ बनाई। विद्यालय से 1180 विद्यार्थियों तथा अभिभावकों ने मिलकर 4850 राखियां बनाकर देश की रक्षा में जुटे सैनिकों, पुलिस कर्मियों व जन प्रतिनिधियों को भेज कर देश के प्रति उनके दायित्वों का संकल्प करवाया। अध्यापिका रीना देवी व शारदा वर्मा द्वारा राखी मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें शिशुवाटिका वंशिका व अदिति, आर्यन व नीतिका तथा कार्तिक व नैतिक क्रमशः पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। निम्न प्राथमिक विभाग से प्राची प्रथम, अंशिका व जश्नप्रीत द्वितीय तथा निहारिका व जशनदीप तृतीय स्थान पर रहे। उच्च प्राथमिक से प्रगति, अक्षी व हरप्रीत तथा ईशा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही। माध्यमिक विभाग से साहिल सिंह ने पहला, संचिका व दुषांत ने दूसरा तथा आकृति व नीतिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उच्च माध्यमिक विभाग से आकाश राणा व विशाली भगत प्रथम, आरुषि व वीनस, द्वितीय तथा आस्था व सरू तृतीय स्थान पर रहे।

## भाई कन्हैया जयन्ती पर कार्यक्रम

**नर सेवा ही नारायण सेवा-प्रि. शर्मा**

**21 सितम्बर 2016**

प्रकृति की प्रत्येक वस्तु से मित्रता, सेवा भाव रखना ही मानव धर्म है। इसी उद्देश्य के तहत रैडक्रास युनिट की कन्वीनर श्रीमती अंजू शर्मा ने कार्यक्रम दौरान अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके किए गए कार्यों से होती है। उन्होंने कहा कि दूसरों के लिए जीने वाला व्यक्ति ही महान कहलाता है। प्रिं. देशराज शर्मा ने कार्यक्रम दौरान कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसलिए दूसरों के दुःख को अपना दुःख समझ कर हमें कार्य करना होगा। कार्यक्रम के समापन पर सभी अध्यापकों ने भाई कन्हैया जी की प्रतिमा के समक्ष फूल अर्पित कर सेवा, मित्रता, और स्वास्थ्य मिशन को पूरा करने का संकल्प लिया।

## शहीद ऊधम सिंह जयन्ती

**30 जुलाई 2016**

देश भगत और शहीद किसी भी देश की वो पूँजी होते हैं जो उसका अलग इतिहास बनाते हैं। भारत की मातृभूमि इस पक्ष से बहुत अमीर है कि जिसकी रक्षा और आजादी के लिए कई देश भक्तों ने इस पर जन्म लिया और हंसते-हंसते अपने जीवन को कुर्वान कर दिया। ऐसे ही थे एक देश भक्त सरदार ऊधम सिंह जी, जिन्होंने अपने देश के लिए अपना जीवन कुर्वान कर दिया। स. ऊधम सिंह जी के शहीदी दिवस को समर्पित स्कूल साहित्य परिषद् की तरफ से कार्यक्रम आयोजित किया गया। उनके बचपन और स्कूली जीवन पर रोशनी डालते हुए छात्रा कुसुम गोरा ने उन्हें पंजाब के महान सुपूत का दर्जा दिया। इस मौके दसवीं कक्षा की बहन प्रिया ने उनकी क्रांतिकारी सोच और स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका के बारे में बहुत सुन्दर शब्दों में बताकर इस देश भगत की याद सबके मन में ताजा कर दी। दसवीं कक्षा के भैया कर्ण ने इनकी शहादत के वृतांत अपने शब्दों नें वर्णन किया और संकल्प लिया कि हम ऐसे देश भगतों के द्वारा दी गई आज़ादी की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों ने अध्यापकों को दी शुभकामनाएँ

* पूर्व राष्ट्रपति राधा कृष्णन को किया याद

**5 सितम्बर 2016**

अध्यापक एक ऐसा पारस है जो शिष्य को अपने से भी श्रेष्ठ बना देता है। यह विचार स्कूल छात्रसंसद की शिक्षामंत्री सरू ने शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहे। सरू ने कहा कि हमारे पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन ऐसे महान व्यक्ति थे जिन्होंने अपने पद की अपेक्षा अध्यापक को श्रेष्ठ माना। उनका विचार था कि लोग उन्हें राष्ट्रपति के नाते नहीं बल्कि एक अध्यापक के नाते याद करें। उनकी इसी सोच के कारण आज पूरा देश उनके जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाता है। छात्रसंसद की प्रधानमंत्री तरनजीत ने कहा कि अध्यापक अपने शक्तिशाली सूक्ष्म ज्ञान को अटूट विश्वास, पूर्ण समर्पण और गहरी घनिष्ठता के साथ अपने शिष्यों तक पहुँचाते थे तो विद्यार्थी का भी कर्तव्य बनता है कि वह उस ज्ञान को ठीक दिशा में लगाए। उसने कहा अध्यापक वह दीपक है जो खुद जलकर दूसरों को रोशनी बांटता है। कक्षा प्रथम के छात्र का कहना था कि अध्यापक हमारे लिए पूजनीय हैं। कक्षा पांचवीं से पलक व प्रियंका ने कहा कि हमारे अध्यापक हमें हमेशा सही मार्ग दिखाते हैं हमें उनका सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम दौरान स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने आध्यापकों का मौली बाँध व तिलक लगाकर शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## सर्वहितकारी में हिंदी दिवस पर अध्यापकों ने की सामूहिक चर्चा

* भाषा राष्ट्र का गौरव व अखंडता का प्रतीक -प्रिं. शर्मा

**14 सितम्बर 2016**

भाषा और संस्कृति देश के लोगों को आपस में जोड़े रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। उक्त विचार हिन्दी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रिं. देशराज शर्मा न व्यक्त किए। श्री शर्मा ने कहा कि देश नें बोली जाने वाली प्रत्येक भाषा राष्ट्रीय भाषा है। भाषा राष्ट्र का गौरव व देश की अखंडता का प्रतीक होती है। हिन्दी को देश की महत्वपूर्ण भाषा बताते हुए श्री शर्मा ने कहा कि हिन्दी भाषा समूचे भारत को एकता के सूत्र में बाँधती है इस लिए सम्पर्क भाषा के नाते यह देश की पहचान है। कार्यक्रम संयोजिका रूचि शर्मा ने कहा कि हिन्दी संवैधानिक रूप से से भारत की प्रथम राज भाषा और ऊत्तर भारत की सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है। चीनी के बाद यह विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। अध्यापक अरविन्द कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैकड़ों छोटे-बड़े केन्द्रों में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर शोध स्तर तक आज हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि विदेशों में लगभग 25 से अधिक पत्र-पत्रिकाएँ नियमित रूप से हिन्दी में प्रकाशित हो रही हैं। श्री अरविन्द ने कहा कि आज हमारे देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी हिन्दी कार्यक्रम प्रसारित हो रहे हैं। अध्यापक धर्म भूषण ने कहा कि हमें हिन्दी बोलने पर हिचकिचाहट नहीं बल्कि स्वाभिमान होना चाहिए। इस अवसर पर भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को करने का आह्वान किया गया जिसके द्वारा राष्ट्रीय भाषा हिन्दी प्रचार-प्रसार जन-जन तक हो सके।

## * विद्याभारती राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता साहिबाबाद ( उ.प्र. )

## * द्वितीय स्थान पर रहे शूटर

**16 से 18 सितम्बर 2016**

आत्मविश्वासी व्यक्ति ही जीवन में आगे बढ़ता है। मन की एकाग्रता से ही लक्ष्य तक पहुँचा जा सकता है। इसी उद्देश्य से विद्याभारती उत्तर क्षेत्र राइफल शूटिंग प्रतियोगिता साहिबबाद उत्तर प्रदेश में सम्पन्न हुई। विद्यालय से अंडर-19 (भैया) में रोहित, अनीश साहिल, अंडर-17 से उज्जवल, अनमोल व सत्यम, अंडर 19(वहनों) में अंकिता, नेहा, महिमा, अंडर-17 में आस्था, मुस्कान व स्मृति ने आचार्य मनिंद्र व दीदी श्वेता की देख रेख में शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में रोहित का स्कोर 144 और भैया अनीश का स्कोर 134 सराहनीय था।

## भगत सिंह जयंती पर उनके जीवन की घटनाओं पर हुई परिचर्चा

*** युवा पीढ़ी के लिए बहुत बड़े आदर्श हैं भगत सिंह**

**28 सितम्बर 2016**

भगत सिंह को देश प्रेम के प्रति जज्वा अपने परिवार से ही मिला। यह विचार भगत सिंह जयंती पर आयोजित कार्यक्रम दौरान प्रि. देशराज शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहे। श्री शर्मा ने कहा कि भगत सिंह के जीवन को संवारने में उनके परिवार, विद्यालय, संगति का ही प्रभाव था कि उन्होंने अपने जीवन को राष्ट्रदेव के चरणों में सदा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए जिस साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया, वह युवाओं के लिए एक आदर्श हैं। आज का दिन उनके जीवन से प्रेरणा लेने का दिन है। प्रिं. शर्मा ने कहा कि भगत सिंह जैसे बच्चे जब जन्म लेते हैं तो परिवार समाज, व राष्ट्र का सर ऊँचा होता है ऐसे जीव कभी मरते नहीं बल्कि अमर हो जाते हैं। विद्यालय में विभाग अनुसार विभिन्न प्रकार से भगत सिंह के जीवन का चिन्तन किया गया। प्राईमरी विभाग में विद्यार्थियों ने उनके बचपन की घटनाओं पर सामूहिक चर्चा की जबकि माध्यमिक विभाग में युवा जीवन से प्रेरित प्रसंग सुनाए गए। सैकेंडरी विभाग में भगत सिंह के राष्ट्र के प्रति योगदान पर विद्यार्थियों ने परिचर्चा की। प्रातःकाल से ही पूरा विद्यालय भगत सिंह के रंग में रंगा नजर आया।

## रैडक्रॉस परिषद् ने दिए हैल्थ टिप्स

**14 जुलाई 2016**

विद्यार्थी देश का भविष्य है जो देश को उन्नति व विकास के शिखर तक पहुंचा सकते हैं। परन्तु यह जिम्मेदारी वह तभी निभा सकते हैं जब वह पूरी तरह स्वस्थ होंगे। यह विचार रैडक्रॉस कन्वीनर श्रीमती अंजू शर्मा ने विद्यार्थियों को सेहत सम्बन्धी टिप्स देते हुए कहे उन्होंने कहा कि अगर बचपन से ही बच्चों की सेहत की ओर ध्यान दिया जाए तो कई बिमारियों से निजात पाई जा सकती है। श्रीमती अँजू ने कहा कि जीवन में छोटी-छोटी बातें जैसे खाने को ढक कर रखना, खाना खाने से पहले हाथ धोना, सन्तुलित भोजन, शान्त मन से चबा कर भोजन लेना, प्रति दिन कसरत, फास्टफूड का प्रयोग न करना आदि करने से हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं।

## फाइवर खाने से बचेंगे अनमोल जीवन

*** 1700 से अधिक विद्यार्थियों व अध्यापकों ने फाइवर प्रयोग करने की ली शपथ ।**

**30 सितम्बर 2016**

जंक फ़ूड अभिशाप बनता जा रहा है, विद्यार्थी तथा अभिभावक इसके शिकार होने के कारण शूगर, हृदय रोग, ववासीर तथा अपाचन जैसे रोगियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यह विचार प्रिं. देशराज शर्मा ने व्यक्त किए। ''खाओ फाइवर स्वस्थ रहो'' विषय के अन्तर्गत आयोजित प्रभाशाली कार्यक्रम में प्रिं. शर्मा ने कहा कि फाइवर के लाभों की यदि सभी को जानकारी हो तो समाज पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा तथा जंक फ़ूट खाने से हम सब बच सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली के लिए फाइवर के प्रयोग की उपयोगिता, छात्रों के आहार की आदतों को सही करने के लिए समाज को शिक्षित करना जरुरी है। स्वास्थ्य अभियान को विद्यालय में एक गतिविधि के रूप में चलाने के लिए जीव-विज्ञान की लैक. शिवानी शर्मा ने बताया कि केले, सेव, सब्जियां, सोया दूध, गेहूँ, मक्कई का भूसा, मिक्स दालें, साबुत खाद्यपदार्थ आदि अनाज को आहार के रूप में प्रयोग करने से हम अपनी आंतड़ियों को साफ रख सकते हैं एवं अनेकों रोगों से बच सकते हैं। विद्यालय के 1700 से अधिक छात्रों-अध्यापकों ने फाइवर प्रयोग करने की शपथ ली तथा इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शपथपत्र भरे। कार्यक्रम अध्यक्ष एडवोकेट सतीश डढवाल ने शपथ समारोह में भाग लेकर कहा कि निरोगी काया से ही स्वस्थ मन बनता है।

## CBSE Expression Series

**** 80 Students participated***

***13-16 August, 2016***

To enhance and gave a push to the expression through creative writing and expression series is being run under the guidelines and directions of CBSE on Independence day to celebrate the 70th Independence Day of our country and to make them aware about the history of India's independence using such simple essay on independence. From 13th to 16th August 2016, 80 students registered their participation and got certificate of participation.

## Poster making competition on Energy conservation

**** 60 students participated***

**5th Sept. 2016**

Owing to population explosion, alarming rate of use of electrical goods and appliances, electrical energy is being consumed at a rapid rate. As a result, shortage of electrical energy is being felt. This problem can be overcome to great extent if we adopt certain measures and precautions. with this objective in view a poster making competition was organised under the guidelines of Ministry of Power by Competitive Council. The competition was organised at school level for students of class IV to VI under category 'Aand for student of class VII to IX under category 'B'. The topics for category A were : Save water to save a lot, Save Energy for Economic Development, Use energy with care. The topics for category B were : Energy Conservation a smart step towards Smart cities, Reduce Carbon Footprint, use Energy with care save the polar go solar. Two best posters of both categories were sent for participation in State level were :

Category 'A' 1. Devanshi of class IV-B
2. Shivalika of class VI-A

Category 'B' 1. Parcheta of class 9th-B
2. Arshdeep of class VII-A

**Remaining result is as follows :**

Upper Primary : Devanshi (IV-B), Arshpreet Kaur (IV-B) and Palak (III-B) stood first, second and third respectively.

Middle Deptt. : Shivalika (VI), Arshdeep (VII) and Sarthak (VI) bagged first, second and third position.

High Deptt. : Parcheta (IX), Vishali Bhagat (IX) and Tammanna (IX) were declared first, second and third respectively.

# 29th State Level Tournament held at SDSVM Talwara

***728 Players participated**

***2-4 Sept. 2016***

Games form integral and important part in the life of a student. These bring about an all round development of the personality of a student with this objective in view Punjab Sarvhitkari Education Samiti organised 29th state level tournament at SDSVM Talwara from 2nd to 4th September 2016. 728 players participated with zeal and zest.

The opening Ceremony was performed by Sh. Vijay Nadda- the organising Secretary of the Sarvhitkari Educational Samiti Punjab while addressing the players he said that to achieve success in life and face the challenges boldly one must be strong physically, mentally, morally, ethically and spirtually. The youth of a nation who sweat out maximum in the playground will have to shed least amount of blood in the war. Principal Desh Raj Sharma said that sportsmanship teaches us co-operation, control and co-ordination, patience, tolerance and endurance and develop an attitude of grit and determination and perservance.

Neeraj, our National Shooter Champion took oath on behalf of the players to play with the spirit of dedication and oneness. The arrangement of stay, meals and management of the play grounds, for players managers and coaches was done by more than 150 teachers and students of SD SVM Talwara by their tireless efforts. The result is as follow :

**In Kho-Kho U-14 (Boys)** got third position **Volleyball (U-19 Boys)** stood second and in basketball (U-19 Boys) got third position

At the closing ceremony Chief Guest Er. Krishan Kant Sood (BBMB Talwara) while addressing the players said that games help to instill spirit of spirit of National Integeration.

Honey a student of this Vidya Mandir gave a message of making a bold advance in life through his sweet, melodious and reverberating song and in the end Prizes were given to the winners

Principal B.S. Kanwar thanked every body for extending co-operation and adding charm to this tournament. In next shell the tournament ended on an emotional note with a promise to meet again next year.

# TERI GREEN OLYMPIAD

*** 131 students participated**

***30th August, 2016***

The Green Olympiad is an objective examination on environment initiated by 'The Energy and Resource Institute' that to test the student's knowledge, application and analytical skills; and simultaneously spread awareness through informative questions. 131 students participated in Olympiad in school auditorium under the guidance of Mrs. Kamaldeep Kaur convener of Competitive council.

# A memorable Educational Trip to Deaf & Dumb School Manawal (Amritsar)

**** 68 Students of X Class Joined the Trip***

***23rd July 2016***

We had heard a great deal about the unique working of Deaf and Dump school Manawala and Pingalwara of Amritsar. The study of the Novel "The story of my life -by Hellen Keller" ignited the spark of urge to visit these places. The places of sensitivity and sympathy; compassion and commitment with dedication and devotion for the sick and old, handicapped and challenged people. With this urge and curiosity to have a first hand experience and understanding the misfortune of the inhabitants of these places our Vidya Mandir organised a trip to Pingalwara and Dumb Deaf school Manawala in which 68 students of X class alongwith Mrs. Shivani Sharma (Lec. Bio.) Miss. Poonam (Lect. Eng.) Mr. Narinder Sharma and Mr. Deepak Kumar. Our Bus left Talwara 7-30 a.m. and reached there at 10-30 a.m. As per details given by S. Jai Singh Manager Pingalwara - an Abode of handivapped, challenged, sick and old was founded by Bhagat Pooran Singh- A selfless dedicated & devoted Mission of the sufferers. It has 7 branches in Punjab out of 3 are in Amritsar alone and one in Manawala where there are maximum inhabitants and maximum facialis for them. It has its own printing press that prints literature for free distribution. It also runs a school having Nursery to +2 having more than 600 normal students from poor families on its rolls. Students are given all facilities free of any cost. There is school for mentally retarded and Multiple disability. Sign language is taught to the students and parents for easy communication. It has a Vocational wing, Prosthetic wing and wing of paralytics . There are no employees. Only Sewadars are rendering a selfless, dedicated and devoted service.

For the students of normal school there is also Hostel facility for same and free Bus service for others. This school has produced many brilliants students for higher studies. SGPC Amritsar grants an Aid worth 15 lakh annum. Though meagne yet important some people also give donations. Then we visited children ward of special school. We interacted freely with them and had a lot of 'fun and frolic' with them. They responded and participated in equal measures in this interaction. Some were learning dance sequences. We also met Dolly and Shallu who participated in Olympic games held at Los Angeles. Then we bid Adien ! Adien and visited The Golden Temple-The Abode of God. Parlook delicious Langar and beat a harty retreat from the walled city and reached our school at 8.30 p.m. It was really a wonderful learning experience.

# Celebration of Shri Krishan Janmashtmi Programme

*** Shishu show cased 10 Avtars of Lord Vishnu**

***24th August, 2016***

Janmashtami, is the birthday of lord Krishna which is celebrated with great enthusiasm all over the country. Students, staff alongwith the parents of school children celebrated Janmashtami festival on the eve of Lord Krishna's birthday. The celebration began with the lighting of ceremonial lamp. Kids of shishu department showcased 10 Avtars of Lord Vishnu. Kids were beautifully dressed. History of the 9 Avtars was also briefly explained by Smt. Kanchan Bala and also explaind the importance of the day Janmashtami.

# State Level Atheletic Tournament Hoshiarpur

***27-28th Sept. 2016***

Games form an integeral and in separate part of a students life. These not only bring out a sound physical development but also a sound mental development. Discipline dedication and devotion, tolerance and endurance, patience and persistence; will power and perseverance are the other traits developed by the games. With this objective in view Vidya Bharti organised 29th State level games at SDSVM Talwara Hoshiarpur in which a large number of atheletes participated from this Vidya Mandir. Achievments of our athletes is as follow :

Shishu Verg : U-11 (Girls)

* Anchal Gautam (IV) stood first in 200 m race, 2nd in 400 m race and 3rd in 4x100 relay race.
* Palak (IV)stood 4th in 100 m race
* Sarika (IV) stood second in long jump & 4th in high jump.
* Priyanka (V) stood first in shot-put.

U-11( Boys)

* Prince Chaudhary (V) won 4th position in 200 m race and stood 3rd in 4x100 m. relay race.
* Sahil Sharma (V) stood third in 100m race.
* Krish (V) bagged 2nd place in shotput.

Bal Verg : U-14 (Girls)

* Mehak (VII) stood second in 100m race & hurdle race.
* Anuradha (VII) stood 2nd in 400 m race & long jump but was placed 3rd in 600 m race.
* Deewanshikha (VIII) got 3rd place in discus through and 4th place in shot put.
* Anju (VIII) won second place in 200 m race and high jump.

U-14 (Boys)

* Kunal Attri (VIII) stood first in high jump.
* Aryan Dadwal (VI) second in shotput
* Kunal (VI) stood 1st in 400m race and 600 m race but 4th in relay race.
* Ridham Sharma (VII) stand first 200 m race and discus throw.
* Aditya Dadwal (VIII) stood first 100 m race 3rd in high jumpand 4th in Hurdle race.
* Sahil Dogra (X) stood 2nd in 200 m and 3rd in 400 m race.
* Mohit Minhas (IX) Second in shotput & 3rd in Javelien Throw.

Tarun Verg : U-19 (Boys)

* Anish Kumar (+1) stood 2nd in 100 m. and 200 m. race.
* Akshit Sharma (+1) stood 2nd in long jump & high jump.
* Nitin thakur (+1) stood first in 400 m. Hurdle race & Triple jump but 2nd in 100 m. hurdle race.
* Shivam Chaudhary (+1) stood 2nd in 1500 m race and 4x100 m. Relay race.
* Saurav Sharma (+2) Second in 800 m race.
* Yogesh Kumar (+2) stood second in 4x100 m. Relay race, Shorput and discus throw and Javelin throw.
* Manish Kumar (+2) stood second in 400 m. race & 5000 m race.

Tarun Verg U-19 (Girls)

* Kajal (+1) stood in shot put discus throw and Jevelin throw.

Kishore Verg - Under 17 (Girls)

* Sanakshi (VIII) stood 1st in 800 m. race and 3000 m. race.
* Manju Bala (X) stood first in 200 m. race 2nd in high jump and 4th in 4x100 m race.
* Esha Chaudhary (IX) first in 100 m. race hurdle race and long jump.
* Sonali Dadhwal (X) stood first in shot put & Javelin throw and 2nd in discus throw.

U-17 (Boys)

* Raman Kumar (X) 3rd in 1500 m race
* Sunyan Kali (IX) 4th in discus throw
* Sarbjit Singh (IX) stood 2nd in 100 m race & 4x100 m. relay race.
* Nikhil Sharma(IX) stood first in hurdle race 2nd in long jump and 3rd in high jump.
* Gagandeep Singh (X) stood first in 800 & 300 m. race.

We all of SDSVM Community congratulate all the athletes for their brilliant performance and keeping a float the flag of victory as per tradition.

# SOF International Mathematics Olympiad

*** 109 students participated**

*** 18 students qualified second level & won prize of Rs. 1000/- each**

***21st August, 2016***

To assess students understanding of fundamental concepts of mathematic skill, an Olympiad of mathematics and logical reasoning was conducted by the Competitive Exam Council in the guidance & directions of Smt. Kamaldeep Kaur. 109 students from class II to XII participated in it. Out of 109 students 15 students won the medal of excellence and book set worth Rs. 1000/- each. 3 students qualified second level and get merit certificate. *Dhruv Pepal, Anchal, Arush, Baljinder, Dipti Gautam, Jashandeep, Kanika, Naman Dogra, Prapti Sharma, Radhika, Shagun Pari, Vansh (all class I) Diksha and Harash (Class II) won Gld Medal of excellence and book set of Rs. 1000/- and a merit certificate. *Sonali Chaudhary (VI), Abhinav (VIII), Ankit Chaudhary (IX) qualified second level and get a merit certificate.

# International Literacy Day

***5 (IX & X) Students participated***

***2nd September, 2015***

"Literacy is the bride from misery to hope" It is a defensive wall against poverty and an investment that will bear fruitful result far a lifetime. By learning to read and write one can fulfil every dream, in modern times, but an essential tool far survival. To promote the above said view, students of Red Ribbon council celebrated 'International Literacy Day' on September 8, 2016 with full of zeal and enthusiasm. There were five students of Class IX and X alongwith the convener of Red Ribbon Council. They emphasised the value of being literate among the society. Akshita, student of class IX-C explained the facts and figures of literacy rate of India. After the speech, few questions were put from the related topic to the students. Winners were rewarded by the H.O.D. Mr. Arvind Kumar, of secondary department.

Printed at : Bandana Printers, Talwara Phone 238769